बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना– 800015

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :– 12.04.2022

- 91–बोचहाँ (अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन, 2022 के क्रम में आज दिनांक 12.04.2022 को शांतिपूर्ण ढ़ंग से मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें अपराह्न 6:00 बजे तक लगभग 59.20 प्रतिशत निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया।
- उक्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 350 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 167 है।
- कुल 54 मतदान केन्द्र केवल महिला मतदाताओं के लिए बनाये गये थे।
- सभी मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी थी।
- सामान्य निर्वाचकों की संख्या 2,90,544 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 1,52,965, महिलाओं की संख्या 1,37,575 तथा Third Gender की संख्या 4 है।
- सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 411 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 394 तथा महिलाओं की संख्या 17 है।
- कुल 13 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 10 तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 3 है।
- विधान सभा उप निर्वाचन, 2022 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम	विधान सभा आम निर्वाचन, 2015 में मतदान प्रतिशत	विधान सभा आम निर्वाचन, 2020 में मतदान प्रतिशत	विधान सभा उप निर्वाचन, 2022 में मतदान प्रतिशत (अनुमानित)
91–बोचहाँ (अ०जा०)	65.50	65.19	59.20

- उक्त उप निर्वाचन में Reserve सहित कुल 488 कंट्रोल यूनिट, 483 बैलेट यूनिट तथा 503 VVPAT का उपयोग हुआ है, जिसमें 3 कंट्रोल यूनिट, 2 बैलेट यूनिट तथा 2 VVPAT मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। 2 कंट्रोल यूनिट, 2 बैलेट यूनिट तथा 7 VVPAT मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।
- 91–बोचहाँ (अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन, 2022 में मतदान के दौरान कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निष्पादन किया गया।
- 91–बोचहाँ (अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन, 2022 की घोषणा के उपरांत Flying Squad, SST, उत्पाद विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा कुल 1290.08 लीटर शराब जब्त किया गया है।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 1
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 1
- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 50
- 179 मतदान केन्द्रों से वेब–कास्टिंग किया गया है।
- 91–बोचहाँ (अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन, 2022 में मतदान के दौरान कुल 2 व्यक्तियों को निरोधात्मक कार्रवाई के अन्तर्गत हिरासत में लिया गया।
- आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।